प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **विधानसभा का मानसून सत्र आज समाप्त, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट सदन में पेश की गई।**
2. **भाजपा ने आज भी सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी, विधानसभा अध्यक्ष को हटाने का दिया नोटीस।**
3. **चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को तीन वर्षों से एक ही जिले में पदस्थापित अधिकारियों को हटाने का दिया निर्देश।**

4. **मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा और हजारीबाग समेत राज्य के कई जिलों में आज और कल अति भारी बारिश का रेड अलर्ट किया जारी ।**

****

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र समाप्त हो गया। पहली पाली में सरकार की ओर से कैग की रिपोर्ट पेश की गयी। इसके साथ ही निजी विश्वविद्यालय विधेयक 2024, अग्निशमन विधयेक, कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं विधेयक और खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक पेश किया गया, जिन्हें पारित कर दिया गया। सदन में खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक पेश करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा यह विधेयक राज्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

****

झारखंड बीजेपी के विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो को पद से हटाने की मांग की है। इसके लिए विधानसभा सचिव को बीजेपी विधायकों ने पत्र लिखा है। पत्र में स्पीकर पर अपने पद का विवेकपूर्ण उपयोग नहीं करने, लोकसभा चुनाव में झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में चुनाव प्रचार करने और भाजपा विधायकों के निलंबन से पहले कार्यमंत्रणा समिति की बैठक नहीं कराने जैसे आरोप लगाए हैं।

****

इधर विधानसभा के बाहर मानसून सत्र के आखिरी दिन विरोध का अनोखा नजारा देखने को मिला। विपक्ष के विधायकों ने सरकार की बालू नीति का विरोध करते हुए बालू बेचकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। बीजेपी के निलंबित विधायक सदन में बालू और तराजू लेकर पहुंचे। बीजेपी के निलंबित विधायकों ने राज्य में बालू की कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए कहा कि मुफ्त बालू को लेकर सरकार द्वारा की गई घोषणा बिल्कुल हवा हवाई है और इसका लाभ मिलना संभव नहीं है।

****

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा आज जमशेदपुर पहुंचे। जमशेदपुर परिसदन में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने झारखण्ड में बांग्लादेश से घुसपैठ और संताल में जनजातियों की कम होती जनसंख्या के मुद्दे को रखा। घुसपैठ पर उन्होंने कहा कि अगर झारखंड में इसे रोका नहीं गया, तो यहां भी असम की तरह ही स्थिति भयावह हो जाएगी।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड विधान सभा परिसर से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए 10 एलईडी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन सभी एलईडी वाहनों के माध्यम से रांची, रामगढ़ और खूंटी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में योजना का

प्रचार–प्रसार किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, मंत्री बेबी देवी, विधायक सविता महतो, कल्पना सोरेन, अम्बा प्रसाद, और शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित रही।

****

राज्य में विधानसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारी तेज कर दी गयी है। चुनाव आयोग ने राज्य सरकार को एक ही जिले में तीन वर्षों से पदस्थापित अधिकारियों को हटाने के आदेश दिये हैं। चुनाव आयोग ने इस सिलसिले में राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से 20 अगस्त तक इस मामले में रिपोर्ट मांगी है। चुनाव आयोग के निर्देश के बाद चुनाव कार्य से सीधे तौर पर जुड़ने वाले पदाधिकारियों का स्थानांतरण किया जायेगा।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में कल रात से ही लगातार बारिश हो रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि गढ़वा, पलामू, चतरा लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग और गुमला जिले में मूसलाधार बारिश का रेड एलर्ट जारी किया गया है।

****

दुमका जिले में कल रात से वर्षा हो रही है, लेकिन इस वर्षा का लाभ खेती को बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं कर पायेगा। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

बिरसा कॉलेज, खूंटी के छात्र नवीन किशोर का चयन नई दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह, के लिए हुआ है। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर जी किड़ो ने नवीन किशोर के चयन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि ऐतिहासिक लालकिला के मुख्य समारोह में तिरंगे को सलामी देना बहुत बड़ी बात है।

****

<u>और अब संक्षिप्त खबरें</u>

- चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप ने आज मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के व्यापक प्रचार के लिए आज 2 एल ई डी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- गोड्डा जिला उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठक कर उन्हें द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के बारे में अवगत कराया।
- कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आज 'एक मुलाकात अपनों के साथ' कार्यक्रम के दौरान सतबरवा प्रखंड के कांग्रेसियों से मुलाकात की।
- राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम को सफल बनाने के हजारीबाग में आज कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी की सदर अंचल कमेटी की चियांकी शाखा ने आज मेदिनीनगर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया गया।